रजिस्टर्ड

संख्या 1/898/57-2014-7(5)/2013

प्रेषक,

नवनीत सहगल,
प्रमुख सचिव,
उ0 प्र0 शासन

सेवा में,

जिलाधिकारी,
चित्रकूट, जालौन, वाराणसी, हमीरपुर,
झांसी एवं महोबा।

धर्मार्थ कार्य अनुभाग लखनऊ दिनांक 25 नवम्बर, 2014

विषय प्रदेश में विलीनीकृत रियासतों की धार्मिक संस्थाओं के पुजारियों को वर्ष 2014-15 के वार्षिक अनुदान की स्वीक़ति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि राज्यपाल महोदय आपके जनपद में विलीनीकृत रियासतों (परिवृत्त प्रदेश) का धार्मिक संस्थाओं के पुजारियों को वित्तीय वर्ष 2014-15 में बंधान (अनुदान) के भुगतान कुल रूपये 15,325;00 (रूपये पन्द्रह हजार तीन सौ पच्चीस मात्र) की धनराशि पार्श्वांकित विवरण के अनुसार व्यय करने की सहर्ष स्वीक़ति निम्न शर्तो के अंतर्गत प्रदान करते है:-

1-	*हमीरपुर*	*810/-*
2	*झांसी*	*3545/-*
3-	*चित्रकूट*	*3650/-*
4-	*जालौन*	*828/-*
5-	*वाराणसी*	*360/-*
6-	*महोबा*	*6132/-*

1- इस अनुदान की धनराशि का भुगतान वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड-5, भाग-1 के परिच्छेद 16(ए) में उल्लिखित शर्तो तथा वित्त (लेखा) विभाग के शासनादेश संख्या-1-238/दस-15(15)/83, दिनांक-17 जनवरी, 1979 मं संलग्न नियमावली में उल्लिखित नियमों के अनुसार किया जायेगा। अनुदान की धनराशि का भुगतान जिन पुजारियों को जिस दर से किया जाये उसका पूर्ण विवरण तथा उक्त वित्तीय हस्त पुस्तिका के प्रस्तर-369 (एच) में इंगित निर्देशानुसार स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र शासन तथा महालेखाकार उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद को दिनांक 30 मार्च, 2015 तक अवश्य उपलब्ध करा दिया जाये।

2- उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2014-2015 के आय-व्ययक का अनुदान संख्या-84 सामान्य प्रशासन विभाग के अंतर्गत, लेखाशीर्षक 2250-अन्य सामाजिक सेवायें-आयोजनेत्तर-102-धार्मिक तथा पूर्व विन्यास अधिनियमों का प्रशासन-03-विलीनीकृत रियासतों के धर्मार्थ संस्थाओं के पुजारियों को अनुदान-20-सहायक अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) के नामे डाला जायेगा।

http://shasanadesh.up.nic.in

3- इस धनराशि का आहरण तभी किया जाय जब गत वित्तीय वर्ष 2013-14 में स्वीकृत धनराशि का उपयोगिता प्रमाण पत्र उपलब्ध करा दिया जाये।

भवदीय,

नवनीत सहगल
प्रमुख सचिव।

संख्या 1/898/57-2014-7(5)/2013 तदयदिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा प्रथम), उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- प्रतिलिपि निजी सचिव, प्रमुख सचिव, वित्त, उ0 प्र0 शासन
3- कोषाधिकारी, झांसी, हमीरपुर, चित्रकूट जालौन वाराणसी एवं महोबा।
4- आयुक्त, झांसी चित्रकूट, वाराणसी मण्डल।
5- वित्त (व्यय नियंत्रण अनुभाग-5/सामान्य प्रशासन अनुभाग।

आज्ञा से,

बराती लाल
अनुसचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in